266(G)
14/01/2026

## पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 13/01/26 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, गोपालगंज के अन्तर्गत Widening & Strengthening of Harakhuwa-Khawajepur Road from Ch.-2+000 to Ch.-8+800 (Total Length-6.80 Km.) for the year 2025-26 कार्य की निविदा के वित्तीय बीड पर निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री उमाकान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री अनिल कुमार सिंह, मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–18.11.2025 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही जो उपभागीय ज्ञापांक–3472 दिनांक–18.11.2025 द्वारा संसूचित है में लिए गए निर्णय पर विभागीय ज्ञापांक–8605 (ई०) दिनांक–23.12.2025 द्वारा संसूचित विभागीय निविदा समिति का निर्णय तदनुसार मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–3872(अनु०) दिनांक–26.12.2025 के माध्यम से प्राप्त वित्तीय बीड की अनुशंसा एवं जाँच–पत्र में अंकित सूचनाओं के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Widening & Strengthening of Harakhuwa-Khawajepur Road from Ch.-2+000 to Ch.-8+800 (Total Length-6.80 Km.) for the year 2025-26 |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, गोपालगंज। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹2618.62 लाख।<br>विभागीय ज्ञापांक–7884(एस०) दिनांक–11.09.2025 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹2746.92 लाख।<br>मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक–2963(अनु०) दिनांक–12.09.2025 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹2578.53377 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 12 (Twelve) Months. |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (SBD) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 20.09.2025 |
| 2.10 | प्राप्त निविदा की संख्या | : | 07 (सात) अद्द यथा :– |

(i) M/s Shailcon Construction
(ii) Bholeshankar Erection & Construction Pvt. Ltd.
(iii) Aditya Enterprises
(iv) MK Infrabuild Ventures India Pvt. Ltd.
(v) M/s Sona Engicon Pvt. Ltd.
(vi) M/s Shakti Kumar
(vii) M/s Awanish Construction

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.11 | विभागीय संचिका संख्या एवं उपभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा तकनीकी बीड निष्पादन का प्रसंग एवं विभागीय निविदा समिति द्वारा प्राप्त परिवाद के निष्पादन का प्रसंग | : | प्र0–7 / निविदा–03–218 / 2025<br>उपभागीय ज्ञापांक–3472 दिनांक–18.11.2025<br>विभागीय ज्ञापांक–8605(ई०) दिनांक–23.12.2025 |
| 2.12 | प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण | : | पुनर्निविदा नहीं है। |
| 2.13 | परिवाद की स्थिति | : | परिवाद प्राप्त है। दिनांक–23.12.2025 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही में लिए गए निर्णय के परिप्रेक्ष्य में विभागीय ज्ञापांक–8605(ई०) दिनांक–23.12.2025 द्वारा परिवाद का निस्तारण किया जा चुका है। |

3. **मुख्य अभियंता, उत्तर का अनुशंसा (पत्राक–3872(अनु०) दिनांक–26.12.2025):–**

विषयांकित कार्य की निविदा का वित्तीय बीड प्राप्त हुआ है। दिनांक–23.12.2025 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति के निर्णयानुसार तकनीकी बीड में सफल निविदाकारों की निविदित राशि निम्नवत् है:–

| क्र० सं० | निविदाकार का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (Rs.) | उद्धृत दर (%) | उद्धृत दर पर राशि (Rs.) | बीड रैंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **M/s Shakti Kumar** | **₹25,78,53,377.00 (पच्चीस करोड़ अठहत्तर लाख तिरपन हजार तीन सौ सतहत्तर रुपये)** | **परिमाण विपत्र की राशि से 16.52% (सोलह दशमलव पाँच दो) प्रतिशत कम दर पर।** | **₹21,52,55,999.12 (इक्कीस करोड़ बावन लाख पचपन हजार नौ सौ निन्यानवे रुपये बारह पैसे)** | **L-1** |
| 2. | M/s Shailcon Construction | | परिमाण विपत्र की राशि से 15.11% (पन्द्रह दशमलव एक एक) प्रतिशत कम दर पर। | ₹21,88,91,731.74 (इक्कीस करोड़ अट्ठासी लाख इक्यानवे हजार सात सौ इकतीस रुपये चौहत्तर पैसे) | L-2 |
| 3. | MK Infrabuild Ventures India Pvt. Ltd. | | परिमाण विपत्र की राशि से 0.50% (शून्य दशमलव पाँच शून्य) प्रतिशत कम दर पर। | ₹25,65,64,110.12 (पच्चीस करोड़ पैंसठ लाख चौसठ हजार एक सौ दस रुपये बारह पैसे) | L-3 |
| 4. | Aditya Enterprises | | परिमाण विपत्र की राशि से 0.07% (शून्य दशमलव शून्य सात) प्रतिशत कम दर पर। | ₹25,76,72,879.64 (पच्चीस करोड़ छिहत्तर लाख बहत्तर हजार आठ सौ उनयासी रुपये चौसठ पैसे) | L-4 |
| 5. | M/s Sona Engicon Pvt. Ltd. | | परिमाण विपत्र की राशि से 2.00% (दो दशमलव शून्य) प्रतिशत अधिक दर पर। | ₹26,30,10,444.54 (छब्बीस करोड़ तीस लाख दस हजार चार सौ चौवालीस रुपये चौवन पैसे) | L-5 |

इस प्रकार वित्तीय बीड के अनुसार सफल प्रथम न्यूनतम निविदाकार M/s Shakti Kumar है, जिनका निविदित दर परिमाण विपत्र की राशि से 16.52% कम है, जिस पर निविदा की राशि ₹21,52,55,999.00 (इक्कीस करोड़ बावन लाख पचपन हजार नौ सौ निन्यानवे रुपये) मात्र होती है। अतः न्यूनतम निविदाकार M/s Shakti Kumar के पक्ष में कुल ₹21,52,55,999.00 (इक्कीस करोड़ बावन लाख पचपन हजार नौ सौ निन्यानवे रुपये) मात्र पर कार्य आवंटन की अनुशंसा की जाती है।

4. विभागीय निविदा समिति का निर्णयः

4.1 मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–3872(अनु०) दिनांक–26.12.2025 के माध्यम से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा पथ प्रमंडल, गोपालगंज के अन्तर्गत Widening & Strengthening of Harakhuwa-Khawajepur Road from Ch.-2+000 to Ch.-8+800 (Total Length-6.80 Km.) for the year 2025-26 कार्य की निविदा के वित्तीय बीड में सफल न्यूनतम निविदाकार M/s Shakti Kumar को उनके उद्धृत दर जो परिमाण विपत्र की राशि से 16.52% (सोलह दशमलव पाँच दो) प्रतिशत कम यानि् ₹21,52,55,999.00 (इक्कीस करोड़ बावन लाख पचपन हजार नौ सौ निन्यानवे रुपये) मात्र, पर निविदा की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

4.2 यदि उक्त संवेदक पथ निर्माण विभाग में निबंधित नहीं है, तो बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के अधीन उनके निबंधित होने के उपरान्त ही एकरारनामा किया जाए।

4.3 एकरारनामा करने के पूर्व अग्रधन की राशि का सत्यापन संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा कराना सुनिश्चित किया जाय।

4.4 निविदाकार से SBD के सुसंगत कडिकाओं के आलोक में निर्गत विभागीय पत्रांक–447(S) दिनांक–16.01.2020 में निहित प्रावधान के अन्तर्गत आवश्यक अतिरिक्त Performance Security प्राप्त करने के उपरान्त ही एकरारनामा किया जाय।

4.5 राशि की अंकगणितीय जाँच मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा अपने स्तर से कर लिया जायेगा।

4.6 एकरारनामा होने के उपरान्त इसकी सूचना विभाग को भी उपलब्ध करायी जाय।

4.7 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को e-proc website पर प्रदर्शित करने के अलावे विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

13/01/26
(मजीद अहमद)
आन्तरिक
वित्तीय सलाहकार,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

13/01/26
(अनिल कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता,
उत्तर,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

13/1/26
(उमाकान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर
आयुक्त–सह–विशेष सचिव
(कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग,
बिहार पटना।

(पंकज कुमार पाल)
सचिव,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–218/2025 266(E) पटना, दिनांक 14/01/2026

**प्रतिलिपिः–** मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता(अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अधीक्षण अभियंता, सारण पथ अंचल, हाजीपुर/कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, गोपालगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(उमाकान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना।